प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के जैप–1 परिसर में आयोजित झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है। मौके पर राज्यपाल ने पुलिसकर्मियों से जनता के प्रति शालीनता और संवेदनशीलता से व्यवहार करने की अपील की और अनुसंधान कार्यों में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दिया। साथ ही उन्होंने नक्सली गतिविधियों के उन्मूलन के लिए सशक्त पहल की आवश्यकता बताते हुए कहा कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान सूची का त्रुटिहीन मैपिंग कार्य ससमय पूरा किया जाए। बैठक में यह भी तय हुआ कि बीएलओ मतदाताओं को गणना फॉर्म देते समय उनके या उनके माता–पिता का 2003 की सूची से विवरण उपलब्ध कराएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जन्म तिथि और स्थान प्रमाणित करने के लिए मतदाताओं को श्रेणीवार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

****

गिरिडीह में सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की ओर से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त राम निवास यादव और डीडीसी स्मृति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लगातार योजनाएं चला रही है और वनोपज से जुड़ी संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं जिला सहकारिता अधिकारी अश्विनी ओझा ने बताया कि किसानों के लिए वनोपज की मार्केटिंग, भंडारण और बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है।

****

पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर झामुमो के पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा की हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल मुन्ना सिन्हा को एमएमसीएच लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी सजा की मांग की।

****

खूंटी की फूदी पंचायत में स्थित नव प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने मध्याह्न भोजन के लिए रखे अनाज और रसोई सामग्रियों की चोरी कर ली है। साथ ही तीन गैस सिलेंडर, चावल, दाल, कुकर और अन्य रसोई सामान चुरा लिए। ग्राम शिक्षा समिति की अध्यक्ष फ़गनी पहनाईन ने प्रशासन से कार्रवाई और भोजन व्यवस्था जल्द बहाल करने की मांग की।

****

त्योहारों के समय मिठाईयों में मिलावट की आशंका को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले का खाद्य सुरक्षा तंत्र अभियान चला रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

क्रिकेट में, भारत ने आज दिल्ली में दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर श्रृंखला दो–शून्य से जीत ली है। मैच के पांचवें दिन आज भारत ने 121 रन के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज के. एल. राहुल ने नाबाद 58 रन बनाए जबकि साई सुदर्शन ने 39 रन का योगदान दिया।

****